बर्षः- 05
अंकः- 324
मुरादाबाद
(Friday)
20 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

राष्ट्रपति ने पात्र को माथे से लगाया, मंदिर प्रांगण शुभ मंत्रों से गूंजा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन हमारे लिए एक जैसा

अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज एक बार फिर नए इतिहास का साक्षी बना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना की। इस मौके पर उन्होंने रामलला के दर्शन किए और आरती उतारी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राम मंदिर परिसर में श्री राम यंत्र की विधिवत स्थापना की। दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर मंदिर से बाहर निकलते हुए उन्होंने अपने संबोधन में घट-घटवासी राम, मुझमें राम, तुझमें राम, सबमें राम समाएं का संदेश देकर सामाजिक एकता और आध्यात्मिक भाव को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद राष्ट्रपति का काफिला आद्य शंकराचार्य द्वार से होते हुए एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। मार्ग में उन्होंने गाड़ी में बैठे हुए हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। राष्ट्रपति के दर्शन पाने के लिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कलाकार कार्यकम की प्रस्तुति देते रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी देशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। मैं यहां पर आकर गौरवांवित हूं। राम मंदिर हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमें यह सौभाग्य का पल मिला है। राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा, मंदिर का ध्वजारोहण हमारे इतिहास की स्वर्णिम तिथियां हैं। मुझे श्रीराम यंत्र की स्थापना का अवसर मिला है। यह प्रभु श्रीराम की मेरे ऊपर कृपा का प्रतीक है। ऐसा मेरा मानना है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन करना एक जैसा है। आज के इस अवसर पर हम संकल्प लें कि भारत मां के सम्मान और वैभव को शिखर पर ले जाएंगे।राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का मंदिर अब एक राष्ट्र मंदिर बन चुका है। ये हमारे लिए अत्यंत गौरव का पल है। यह सौभाग्यशाली पल करोड़ों रामभक्तों के संघर्ष और बलिदान के कारण संभव हो सका है। आज अयोध्या वैश्विक चेतना का केंद्र बन चुकी है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज दुनिया भर में युद्ध चल रहे हैं पर हम लोग आज राम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना के इस आनंदमयी कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। यही तो रामराज्य की अनुभूति है इसलिए ही तो कहा जाता है कि हमारा भारत वर्ष साधु-संतों की भूमि है। उन्होंने कहा कि आज राम मंदिर हमारे युवाओं को हमारी संस्कृति से जोड़ रहा है। यही कारण है कि जब नववर्ष का शुभारंभ होता है तो युवा कहीं और नहीं जाकर मंदिर में दर्शन कर अपने नववर्ष का शुभारंभ करता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम यंत्र की स्थापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी रामभक्तों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज श्रीराम यंत्र की स्थापना के साथ ही प्रभु श्रीराम का मंदिर परिपूर्ण हो गया। राम मंदिर का निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है।राममंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना के बाद आयोजित कार्यक्रम में हजारों रामभक्तों को संबोधित करते हुए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने कहा कि इसके साथ ही 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण परिपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें वो लोग भी शामिल रहे जो 1984 से ही राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए थे।श्रीराम यंत्र की स्थापना के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्रीरामलला के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने प्रभु श्रीरामलला की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया।राष्ट्रपति ने पूरे विधि-विधान से श्रीराम यंत्र की स्थापना में भाग लिया। इस दौरान इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ और तीन आचार्य उपस्थित रहेवैदिक मंत्रों के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की पूजन के बाद स्थापना की। वैदिक आचार्यों ने पूजन सम्पन्न करवाया। श्रीराम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर की गई है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के द्वितीय तल पर राम दरबार के दर्शन किए और आरती उतारी। इसके बाद श्रीराम यंत्र का पूजन किया।नवरात्रि के पहले दिन राष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और वैदिक मंत्रों के बीच राम यंत्र की स्थापना की। यह विशेष यंत्र तमिलनाडु में तैयार होकर यात्रा के बाद यहां लाया गया। सोने की परत चढ़ा यह यंत्र मंदिर के द्वितीय तल पर स्थापित किया गया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को अयोध्या के राम मंदिर पहुंची हैं। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। इस दौरान पुजारियों ने मंत्रोच्चारण किया। राष्ट्रपति पूजन ने सामग्री भगवान को अर्पण की। पूरा मंदिर प्रांगण शुभ मंत्रों से गूंज उठा। यह नजारा देखने में बहुत ही अद्भुत रहा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रपति का यह दूसरा अयोध्या दौरा है। इससे पहले वह 1 मई 2024 को अयोध्या आई थीं, तब उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया था।

संक्षिप्त समाचार

दुनिया का इकलौता राम यंत्र, तमिलनाडु में तैयार किया गया

नवरात्रि के पहले दिन राष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और वैदिक मंत्रों के बीच राम यंत्र की स्थापना की। यह विशेष यंत्र तमिलनाडु में तैयार होकर यात्रा के बाद यहां लाया गया। सोने की परत चढ़ा यह यंत्र मंदिर के द्वितीय तल पर स्थापित किया गया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। इसके बाद राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को देखा। वैदिक मंत्रों के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की पूजन के बाद स्थापना की।वैदिक आचार्यों ने पूजन सम्पन्न करवाया। श्रीराम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर की गई है। बता दें कि राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया।यह केवल धातु की एक आकृति नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा का एक गणितीय और आध्यात्मिक स्वरूप है। शास्त्रों के अनुसार, जिस प्रकार %श्री यंत्र% को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है, उसी प्रकार %श्री राम यंत्र% को भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम की विजय और मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। इसे विशेष धातुओं के मिश्रण और वैदिक गणनाओं के आधार पर निर्मित किया गया है। राम यंत्र को कांचीपुरम (तमिलनाडु) स्थित मठ में तैयार किया गया।

शशि थरूर का बड़ा दावा, बोले- यूडीएफ को मिलेंगी 85 से 100 सीटें

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केरल चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ 85 से 100 सीटें जीत सकता है। साथ ही उन्होंने भाजपा को राज्य में एक मामूली खिलाड़ी बताते हुए कहा कि मुकाबला सिर्फ एलडीएफ और यूडीएफ के बीच है। केरल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत का भरोसा जताया है। थरूर के मुताबिक, यूडीएफ को 140 सीटों वाली विधानसभा में 85 से 100 सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने भाजपा को केरल की राजनीति में एक मामूली खिलाड़ी बताया है।पीटीआई को दिए इंटरव्यू में शशि थरूर ने कहा कि केरल में मुकाबला मुख्य रूप से लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूडीएफ के बीच है। उन्होंने कहा, यह कोई त्रिकोणीय मुकाबला नहीं है, क्योंकि विधानसभा में भाजपा एक जीरो सीट वाली पार्टी है। अगर वे जीरो से एक, दो या तीन पर जाते हैं, तो वे बहुत गर्व और खुशी महसूस करेंगे।卐थरूर ने आगे कहा कि भाजपा की राज्य में किंगमेकर बनने की भी कोई संभावना नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि मुकाबला एलडीएफ और यूडीएफ के बीच ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्तिगत रूप से वह चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करने के पक्ष में हैं, लेकिन केरल में कांग्रेस किसी एक चेहरे के बजाय अपने एजेंडे और पार्टी के निशान पर चुनाव लड़ती है। मुकाबला कड़ा, लेकिन भाजपा खतरा नहीं- थरूर ने कहा कि मौजूदा आंकड़ों के हिसाब से मुकाबला काफी कड़ा दिख रहा है। इसका मतलब है कि हर सीट और हर वोट महत्वपूर्ण है। इसलिए हम भाजपा को नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं और न ही इसे लेकर लापरवाह हैं। उन्होंने साफा किया कि कांग्रेस केरल में भाजपा को सरकार के लिए खतरा नहीं मानती। उन्होंने कहा, वे ज्यादा से ज्यादा बस अपना खाता खोल सकते हैं। यूडीएफ को 85 से 100 सीटें मिलेंगी- रूर ने यूडीएफ की जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि 140 सीटों वाली विधानसभा में 85 से 100 सीटों का आंकड़ा अच्छा रहेगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा, यूडीएफ, खासकर एलडीएफ को गूगली फेंक रहा है, क्योंकि वे एक मुश्किल पिच पर हैं और हम उन्हें वहां फंसा सकते हैं। आपको बता दें कि 2021 के केरल विधानसभा चुनाव में, एलडीएफ ने 99 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी थी। वहीं, यूडीएफ को 41 सीटें मिली थीं और भाजपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि, हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा केरल में एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। त्रिशूर सीट से सुरेश गोपी ने जीत हासिल की थी।

उच्च शिक्षा विधेयक पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल, संघीय ढांचे के उल्लंघन का लगाया आरोप

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 को लेकर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है और इस विधेयक को संघीय ढांचे के खिलाफ बताया है। साथ ही कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इस विधेयक से उच्च शिक्षा संस्थानों की आर्थिक स्वायत्ता प्रभावित होगी। आइए जानते हैं कांग्रेस ने और क्या-क्या आरोप लगाए हैं। कांग्रेस ने गुरुवार को प्रस्तावित विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लेकर गंभीर चिंता जताई और आरोप लगाया कि यह संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विधेयक को लेकर सात प्रमुख आपत्तियां गिनाईं। जिनमें राज्यों से परामर्श न करना, संवैधानिक अतिक्रमण, फंडिंग काउंसिल का अभाव, उच्च शिक्षा का बढ़ता नौकरशाहीकरण और यूजीसी की परामर्श प्रक्रिया का कमजोर होना जैसे आरोप शामिल हैं।कांग्रेस ने गुरुवार को प्रस्तावित विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लेकर गंभीर चिंता जताई और आरोप लगाया कि यह संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विधेयक को लेकर सात प्रमुख आपत्तियां गिनाईं। जिनमें राज्यों से परामर्श न करना, संवैधानिक अतिक्रमण, फंडिंग काउंसिल का अभाव, उच्च शिक्षा का बढ़ता नौकरशाहीकरण और यूजीसी की परामर्श प्रक्रिया का कमजोर होना जैसे आरोप शामिल हैं।जयराम रमेश ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की स्थायी समिति की रिपोर्ट में यूजीसी और एआईसीटीई जैसे प्रमुख नियामक संस्थानों में बड़ी संख्या में रिक्तियां सामने आई हैं, बावजूद इस विधेयक के मसौदे में राज्य सरकारों से कोई परामर्श नहीं किया गया, जबकि इसका सीधा असर राज्य विश्वविद्यालयों पर पड़ेगा। कांग्रेस का कहना है कि यह विधेयक संविधान की सातवीं अनुसूची के संघ सूची के दायरे से आगे जाकर राज्यों के अधिकारों में हस्तक्षेप करता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहाः भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम, भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन में कहा कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक निर्णायक होंगी। उन्होंने भारत को ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने और हर पुर्जे को मेड इन इंडिया बनाने पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित %राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन% में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (जीआईएससी) के 14वें संस्करण की शुरुआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, % आज 100 से अधिक चुनौतियों के साथ डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी) का 14वां संस्करण भी शुरू किया गया है। डीआईएससी की अब तक की सफलता को देखते हुए, हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (DPSUs) द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं डीआईएससी के नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों (MSMEs) को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ MSMEs, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। इसमें सरकार की स्पष्ट नीतियां भी बड़ा योगदान देती हैं।उन्होंने कहा दुनिया के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इन संघर्षों को देख रही है।
इनसे यह साफ हो गया है कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है। इसलिए भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करना होगा, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों।
उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता सिर्फ अंतिम उत्पाद तक सीमित नहीं होनी चाहिए। हमें ड्रोन के हर पुर्जे को भारत में ही बनाना होगा। ड्रोन का ढांचा (मोल्ड), सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी सब कुछ स्वदेशी होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि यह काम आसान नहीं है। आज दुनिया के कई देश ड्रोन बनाने के लिए जरूरी पुर्जे चीन से मंगवाते हैं। लेकिन भारत की सुरक्षा और रणनीतिक मजबूती के लिए हमें ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना ही पड़ेगा। राजनाथ सिंह ने आधुनिक तकनीकों जैसे ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग का तरीका बदल रही हैं। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत स्वदेशी ड्रोन निर्माण का दुनिया में सबसे बड़ा केंद्र (ग्लोबल हब) बन जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मिशन में सरकार हर संभव मदद और सहयोग देगी।

संपादकीय Editorial

Just before the budget,

There are no magic boats, nor are miracles free anymore. Counting wishes is difficult, even the signatures of honor don't know. In the midst of the greatest struggle against economic complexities, Himachal Pradesh now wants to sing its song in a new, simple tone. In this context, the government has decided to somewhat reduce the burden of its stature. The departure of the first pawns from the budget session's chessboard embodies truth, logic, and practical status. Where the scales of status have broken, your mirror has begun to frighten me. The Himachal government has removed titles from many of its soldiers in an effort to austerity. This means that the high doors of cabinet rank will now be closed, as a reminder that the government is shrinking its fleet. The upcoming budget session is shedding tears over the status of the convoy that once departed in the grandeur of cabinet rank. We stated long ago that by invoking the RDG, the central government has given Himachal Pradesh a chance to whine. If the central government attempts to morally arm-twist the hill state, its impact will be visible in the advocacy, introduction, and presentation of the upcoming budget. The government, in an attempt to demonstrate its activism, is using the RDG as a weapon. By raising this economic issue, it is questioning Himachal's existence, heritage, economic, and rights under the Punjab Reorganization Act. Himachal not only needs RDG for self-reliance, but the hills need self-respect. This respect was first achieved by Chief Minister Shanta Kumar through free royalties on power generation, the second time by Prem Kumar Dhumal through an industrial package, and now, Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu, who favors this practice, has established a charter of self-respect and self-reliance, but the central BJP government is continuously ignoring it. Himachal should receive the pending 7.19 percent rights under the Punjab Reorganization Act. If BBMB's liabilities and 50% of the earnings from central power generation projects are reimbursed, subject to the lease period. If ownership of the Shanan Power Project is obtained after the 100-year lease and permission to levy water cess is obtained, the state can abandon the trap of RDG forever. The state needs to change its economic image, and therefore, the battlefield of Himachal politics should be political. In this context, Sukhu has simultaneously held up several mirrors on the issue of RDG. First, he held the main opposition party, the BJP, a mirror to the economic atrocities committed through RDG; second, he informed the working class about the reality of the state; third, he convinced his own party leaders that the fruits of power will not be distributed without reason; and fourth, the state will be presented with a new economic model through the budget. In this context, the government has begun to reduce its internal criticism. Before writing the budget proposal, it was necessary to remove some of the excess from lucrative positions of power. Therefore, leaders holding numerous positions are being stripped of their unnecessary powers and relegated to the back benches. This government message is not just for politicians, but also for ordinary citizens, employees, and all officials. The broom of austerity is currently destroying the coffers of cabinet rank. If the government's economic standards simultaneously cut many other unnecessary expenses, the budget size and the accounting of income and expenditure may be reduced. If you search, you will find numerous signs of wasteful expenditure. Therefore, rather than a lobbying effort, the upcoming budget will be a new accounting of the state, full of economic warnings, where the signatures on the ledgers may change.

Parliamentary Traditions Ignored

The standards of parliamentary efficiency, transparency, impartiality, and dignity established during his tenure will become an important part of the institutional memory of Indian democracy in the future. The Lok Sabha achieved 97% work productivity under Om Birla's leadership. The "First-Timers First" policy increased inclusivity and participation in the House. The Digital Parliament and the use of AI modernized and facilitated parliamentary processes. The true strength and beauty of Indian democracy lies in the dignity and work culture of the institutions that, beyond elections, keep the democratic system alive. Parliament is at the heart of this system, and within Parliament, the position of the Speaker of the Lok Sabha is one of the few constitutional institutions from which the highest standards of impartiality, balance, and dignity are expected. At a time when parliamentary institutions in many parts of the world appear to be weakening under the pressure of political conflict and chaos, Om Birla's tenure as Speaker of the Lok Sabha in India exemplifies parliamentary efficiency and constitutional decorum. Under his leadership, the Lok Sabha achieved a work productivity of nearly 97%, a remarkable achievement in the last two decades. Of the 21 sessions held since 2019, 10 sessions recorded House productivity exceeding 100 percent. In the 2025 Winter Session, the Lok Sabha exceeded the scheduled time, achieving 103 percent of its work. The position of the Speaker of the Lok Sabha is not limited to conducting the proceedings of the House. Under the Indian Constitution, the Speaker is considered the guardian or "custodian" of the House. This means that he or she not only oversees procedures but also bears the responsibility of maintaining a balanced and meaningful democratic debate. Om Birla has strived to ensure that the allocation of time in the House is based not on numerical strength but on democratic participation. Despite the ruling party's overwhelming majority in the 17th Lok Sabha, the opposition and non-NDA parties were allotted approximately 61.05 percent of the total discussion time, or 807 hours. Regarding the no-confidence motion brought against him in the Lok Sabha, Home Minister Amit Shah stated that the Speaker's position transcends party politics and that the Constitution grants him the role of mediator. Raising questions of no confidence in a person holding such a position cannot be considered in keeping with democratic traditions. To make the parliamentary process more inclusive, Om Birla has adopted the "First-Timers First" policy, under which newly elected and relatively less prominent MPs are given priority to express their views. This has further broadened the democratic nature of the House. An important aspect of Om Birla's tenure has been the institutional strengthening of the parliamentary system. Organizing orientation programs for newly elected MPs is an important step in this direction. Through these programs, new MPs are introduced to parliamentary procedures, rules, and traditions. Training programs are also organized for officials and staff of various legislatures and Parliament through PRIDE, the Lok Sabha's Parliamentary Research and Training Institute. Additionally, to make the committee system more effective, a committee of presiding officers has been formed to review the committee system of Parliament and state legislatures. Under Om Birla's leadership, significant progress has been made towards making the Lok Sabha paperless. The establishment of a digital Parliament platform, digital attendance system for MPs, and online onboarding are part of this transformation. In line with this, the "National e-Vidhan" program has also been implemented on a large scale. The use of AI in parliamentary proceedings has digitized over 18,000 hours of historical Parliament proceedings, a major achievement in preserving parliamentary heritage. Using indigenous AI tools like "Sansad Bhashini," parliamentary documents have been made available in various Indian languages. Languages ??like Bodo, Dogri, Maithili, Manipuri, Urdu, and Sanskrit have also been included. A comprehensive digital Parliament Library has also been established, making parliamentary documents easily accessible to MPs, researchers, and the general public. Briefing sessions on bills have provided MPs with the opportunity to understand the background and provisions of the bills in detail, making the debates in the House more meaningful and factual. Om Birla's role as Speaker of the Lok Sabha has also been active internationally. Speakers of parliaments from G-20 countries participated in the P-20 summit held in India. India's active participation in the BRICS Parliamentary Forum and the Inter-Parliamentary Union have strengthened the country's role on global parliamentary platforms. Despite this, the tendency to bring no-confidence motions against the Speaker in Parliament undermines parliamentary traditions. The standards of parliamentary efficiency, transparency, impartiality, and dignity established during his tenure will become an important part of the institutional memory of Indian democracy in the future.

States Active in Attracting Foreign Investment

Through investment promotion, cultural diplomacy, and technical cooperation, paradiplomacy is contributing significantly to economic growth, regional development, and international cooperation. Uttar Pradesh's paradiplomacy is attracting foreign investment. Trips to Davos, Singapore, and Japan have generated 2.5 lakh crore rupees in investment. Aiming for a trillion-dollar economy through industrial development. The growing competition among states for economic development has emerged as a positive sign for the Indian economy. Previously, this competition was primarily seen in the western and southern states, but Uttar Pradesh, once considered a poor state, has now emerged strongly in this competition. Recently, delegations from several states presented to investors at the World Economic Forum's Davos Summit. Among these delegations was one from Uttar Pradesh, led by Finance Minister Suresh Kumar Khanna. The Uttar Pradesh government's focus at Davos was to establish the state as a preferred investment destination for Global Capability Centers. Participation in such international events underscores that no stone is being left unturned to boost investment flows into the country's largest state. In this regard, Chief Minister Yogi Adityanath's recent visit to Singapore and Japan was notable, and some positive results are now emerging. These visits are opening new avenues for investment contracts, industrial partnerships, and cultural promotion in the state. During this period, discussions with Singaporean and Japanese companies have progressed on investment proposals worth approximately ?1.5 lakh crore.

If other foreign investment proposals are included, this figure reaches approximately ?2.5 lakh crore. These efforts will help the state achieve its goal of becoming a trillion-dollar economy. The expertise of Japanese companies in the fields of automobiles, electronics, logistics, green energy, agricultural machinery, fintech, and advanced manufacturing is no secret. Many such companies have expressed interest in expanding their operations in Uttar Pradesh. In this regard, Kubota Corporation, Japan Aviation Electronics Industry, and Nagaji & Co. have come forward to promote the state's industrial development and technology transfer. Large-scale industrial clusters, logistics parks, data centers, and manufacturing units will also emerge in the state. The pace of industrial projects and infrastructure will also accelerate. As urbanization is rapidly expanding alongside the growing industrial activity in the state, considerable attention is being paid to this area. In this regard, plans to develop a state-of-the-art township near the Noida International Airport, in collaboration with Singapore, have progressed. A logistics park will be developed on the Kanpur-Lucknow Highway. A hyperscale data center is also being planned near Noida. All these projects will significantly improve the state's infrastructure and generate employment. The proposal for a dedicated "Japan City" in the Yamuna Expressway Industrial Development Authority area will also contribute significantly to the state's progress by providing a single umbrella for Japanese investment.

Efforts to industrialize the state's cultural heritage are also bearing fruit. The state government's "One District, One Product" scheme is promoting the state's products globally. This is introducing the world to Uttar Pradesh's handicrafts and craftsmanship. While foreign policy is primarily a matter of national importance, overseen by the central or federal governments, provincial and territorial governments also actively engage internationally to advance their own progress through paradiplomacy, a subnational diplomacy. Through paradiplomacy, states strive to foster their economic and cultural interests. In India, this influence is often visible in the policies of states bordering Bangladesh, Nepal, and Sri Lanka, but recent economic activity has increased. Similar examples can be seen worldwide. For example, the government of Quebec in Canada has its own foreign affairs unit, which makes decisions on trade and cultural matters with various countries. In Spain, the state of Catalonia discusses economic and cultural partnerships through foreign delegations. Even states like California in the US work with various countries and international organizations on climate and technical cooperation. Guangdong, located on the southeast coast of China, also works independently on foreign trade. Dubai is a shining example of how strong global economic diplomacy can transform a country. In an era when the challenges and scope of work facing national governments are constantly expanding, paradiplomacy provides a platform for state governments to realize new possibilities. Through this, state governments can further accelerate their progress by increasing cooperation with other countries, international organizations, and global investors. In recent times, paradiplomacy has emerged as a strong link between regional development and global cooperation. It has helped state governments and cities achieve greater progress. Paradiplomacy has provided opportunities for direct engagement on global platforms. Through investment promotion, cultural diplomacy, and technical cooperation, paradiplomacy is making significant contributions to economic growth, regional development, and international cooperation.

हारिश से एक हफ्ते पहले मिलने आए थे तीन युवक, इस जगह पर हुई थी मुलाकात; बीडीएस छात्र पर एक और नया खुलासा

बीडीएस छात्र हारिश को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। हारिश से एक सप्ताह पहले तीन युवक मिलने आए थे। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की टीम ने छात्रों से पूछताछ की तो पता चला कॉलेज के बाहर कैंटीन पर इनकी मुलाकात हुई थी। आईएस के लिए ऑनलाइन भर्ती कराने के आरोप में एटीएस ने गिरफ्तार किए बीडीएस छात्र हारिश के मामले में जैसे जैसे जांच आगे बढ़ रही हैं वैसे वैसे नए तथ्य सामने आ रहे हैं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की टीम ने अन्य छात्रों से पूछताछ की तो पता चला कि करीब एक सप्ताह पहले हारिश से मिलने तीन युवक आए थे। हारिश ने उनसे कॉलेज के बाहर ही कांठ रोड पर कैंटीन पर बैठकर बातचीत की थी।तीन युवक उसके रिश्तेदार थे या फिर आईएस के लिए काम करने संदिग्ध युवक, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। सहारनपुर के मानकमऊ निवासी रियासत अली आईटीसी में टेक्नीशियन के पद कार्यरत हैं।

रियासत अली का बड़ा बेटा डॉ. आकिफ एमबीबीएस, एमडी डॉक्टर है और लखनऊ में कार्यरत है। जबकि बेटी अरफा महाराष्ट्र में रहकर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। रियासत अली ने दो साल पहले छोटे बेटे हारिश का मुरादाबाद के निजी कॉलेज में बीडीएस में दाखिल कराया था।

हारिश यहां शामली निवासी छात्र के साथ हॉस्टल में एक ही रूम में रह रहा था था लेकिन वह धीरे-धीरे कुख्यात आतंकी संगठन से जुड़ गया था। उसने अपने साथ 50 से ज्यादा छात्र जोड़ लिए थे। दो दिन पहले एटीएस हारिश को गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई थी।

छात्रों पर निगरानी कर रही एटीएस- इसके बाद भी एटीएस उससे जुड़े छात्रों पर निगरानी कर रही है। अब पता चला कि एक सप्ताह पहले भी तीन युवक उससे मिलने कॉलेज

तक पहुंचे थे। कॉलेज आने पर वह अपने साथी और अन्य छात्रों से बोलकर निकला था कि वह कॉलेज से बाहर जा रहा है।

एक छात्र ने उससे साथ चलने के लिए कहा तो उसे रोक दिया था और कहा कि वह अभी वापस आ रहा है लेकिन एक घंटे से ज्यादा समय तक उसने कॉलेज के बाहर प्रेम नगर चौराहे के पास एक कैंटीन में बैठ कर बात की थी। कुछ अन्य छात्रों ने इन्हें यहां बैठे हुए देखा था। अब टीमें इन तीन युवकों की तलाश में जुट गई हैं। इनके बारे में विस्तार से जानकारी जुटाई जा रही है।

15 पहले भी हारिश की तलाश में मुरादाबाद पहुंची थी टीम - बीडीएस का छात्र सोशल मीडिया के जरिए लंबे समय से आईएस से जुड़ा हुआ था और उसने अन्य छात्रों को अपने साथ शामिल कर लिया था। एटीएस और अन्य एजेंसियां उसे वॉच कर रही थीं। बताया जा रहा है कि 15 दिन पहले भी टीम उसकी तलाश में आई थी।

टीम के सदस्यों ने कभी मरीज बनकर तो कभी तीमारदार बनकर कॉलेज में रेकी की थी लेकिन उस वक्त हारिश अपने घर चला गया था। जिस कारण टीम को सफलता नहीं मिल पाई थी। इसके बाद टीम लौट गई थी लेकिन दोबारा टीम पूरी तैयारी के साथ आई और हारिश को दबोच लिया था।

संदिग्ध आतंकी हारिश अली की गिरफ्तारी के बाद परिवार पर निगरानी बढ़ाई- मुरादाबाद से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी हारिश अली का घर दूसरे दिन भी बंद रहा। उसके परिवार का कोई अता पता नहीं है। ऐसे में एटीएस, एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और एलआईयू ने परिवार की निगरानी बढ़ा दी है। इसके अलावा डॉ. आदिल से भी कनेक्शन की जांच तेज कर दी है।

थाना कुतुबशेर क्षेत्र के मानकमऊ की ट्रांसफार्मर वाली गली में संदिग्ध आतंकी हारिश अली का परिवार रहता है। मुरादाबाद में गिरफ्तारी के बाद बुधवार को उसके घर के आसपास कोई परिचित या रिश्तेदार नजर नहीं आया।

गली में सामान्य आवाजाही जरूर रही, लेकिन लोगों ने उसके घर की ओर रुख करने से परहेज किया।

हारिश अली के पिता रियासत अली क्षेत्र में एक साधारण व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे, लेकिन बेटे का नाम आतंकी गतिविधियों में सामने आने के बाद परिवार अचानक घर पर ताला लगाकर कहीं चला गया है। परिवार कहां गया, इसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निगरानी और तेज कर दी है। घर के आसपास लगातार पुलिस की नजर बनी हुई है, वहीं खुफिया तंत्र परिवार के ठिकाने का पता लगाने में जुटा है।

आशंका जताई जा रही है कि परिवार के सदस्य पूछताछ से बचने के लिए कहीं अन्य स्थान पर चले गए हैं। जांच एजेंसियां इस मामले को व्यापक आतंकी नेटवर्क से जोड़कर देख रही हैं। खासतौर पर नवंबर 2025 में पकड़े गए आतंकी डॉ. आदिल अहमद राथर और हारिश अली के बीच संभावित कनेक्शन की गहन जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में सहारनपुर से आतंकी कनेक्शन के मामले सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पहले से अधिक सतर्क हो गई हैं।

मंडलायुक्त की ओर से कराई पैमाइश में भी प्रशासन के दावे की पुष्टि

मुरादाबाद । सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय निर्माण की भूमि पर कब्जा हटवाने के दौरान महापौर के जमीन की बाउंड्री टूटने के मामले में नया मोड़ आने की संभावना है। महापौर ने स्थानीय अधिकारियों से लेकर शासन व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भी शिकायत कर प्रशासन के कदम पर कड़ा ऐतराज जताया है। पिछले दिनों धीमरी में कंपोजिट विद्यालय निर्माण को लेकर आवंटित भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई हुई थी। इस दौरान महापौर की भूमि पर बनी बाउंड्री वाल को भी तोड़ दिया गया था। महापौर ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक से शिकायत की थी। प्रशासनिक अधिकारियों का दावा था कि भूमि की नाप- जोख कराने के बाद सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को हटाया गया था। वहीं, महापौर का दावा था कि उनकी निजी भूमि पर खड़ी बाउंड्री को भी तोड़ा गया। जबकि सरकारी भूमि से उनका कोई लेना देना नहीं था। मंडलायुक्त के निर्देश पर डीएम अनुज सिंह ने अगले ही दिन राजस्व टीम को ले जाकर पैमाइश कराई थी। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल भी मौजूद रहे। हालांकि बीच में महापौर ने उप जिलाधिकारी सदर व स्थानीय लेखपालों पर भी अविश्वास जताकर दूसरे जिले की टीम से पैमाइश कराने की मांग रखी थी। लेकिन जिला प्रशासन ने पैमाइश कराकर सत्यापन कार्य जारी रखा। अब पैमाइश पूरी हो गई है और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो पैमाइश पूरी होने पर कहानी कुछ और ही निकल कर सामने आ रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में सरकारी भूमि पर बाउंड्री किए जाने की दावे की पुष्टि हो रही है। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि पैमाइश पूरी हो गई है। इसमें क्या निकला के सवाल पर उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि सच्चाई। अब इस रिपोर्ट के आधार पर अगले कदम पर सभी की नजरें टिकी हैं। आखिर कैसे हुआ सरकारी भूमि पर कब्जा- सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री का रुख बेहद सख्त होने के बावजूद सरकारी भूमि पर कब्जा हो जाता है और प्रशासनिक अधिकारी, हल्का लेखपाल सहित अन्य कर्मचारियों को पता भी नहीं चलता। हालांकि, यह मामला महापौर की भूमि पर बनी बाउंड्री वाल गिराए जाने को लेकर चर्चा में आ गया, शहर में कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर बड़े-बड़े निर्माण किए चुके हैं।

ईद-उल-फितर से पहले बाजारों में खरीदारी ने पकड़ा जोर, सेवइयों और रेडीमेड कपड़ों की बढ़ी मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार। ईद-उल-फितर के लिए बाजारों में खरीदारी चरम पर है। चौमुखापुल, मंडी चौक, टाउनहॉल, पीर का बाजार, करूला, जामा मस्जिद, तहसील स्कूल के पास समेत शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही बाजारों में रौनक और बढ़ जाती है। महिलाएं भी परिवार के साथ खरीदारी के लिए पहुंचकर ईद की तैयारियों में जुटी हैं। बुधवार को कपड़े, जूते- चप्पल, श्रृंगार सामग्री और घरेलू जरूरतों का सामान खरीदते दिखे। रेडीमेड कपड़ों के लिए टाउनहॉल और चौमुखापुल पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। यहां दुकानों के साथ-साथ सड़कों तक स्टॉल लग गए हैं। दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर दे रहे हैं।वहीं, मंडी चौक और बुधबाजार में जूते-चप्पल व अन्य उपयोगी वस्तुओं की दुकानों पर भी खरीदारों का तांता लगा रहा। श्रृंगार सामग्री के लिए गलशहीद के चूड़ी बाजार में महिलाओं की देर शाम तक भीड़ रही। इसके अलावा फुटपाथ पर सजी अस्थायी दुकानों पर भी सस्ते कपड़ों और सामान की जमकर बिक्री हुई। ईद के पकवानों के लिए जरूरी सेवइयों की दुकानों पर भी खूब रौनक रही। इसके अलावा अलीगढ़ की सेवइयां, सूतफेनी और किमामी की बिक्री तेज रही, जहां दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इबादत में भी जुटे हैं रोजेदार- रोजा रखने वाले लोग जहां एक ओर खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं इबादत का सिलसिला भी जारी है। मस्जिदों में नमाज और तरावीह के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रोजेदार पांच वक्त की नमाज के साथ कुरान पाक की तिलावत में समय बिता रहे हैं। ईद नजदीक आने के साथ ही जकात और फितरा अदा करने की तैयारियां भी तेज हो गई हैं, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। बोले व्यापारी- कपड़ा व्यापारी मोहम्मद सिराज के मुताबिक ईद से पहले हर साल अच्छी बिक्री होती है, लेकिन इस बार भीड़ थोड़ी ज्यादा है। खासकर रेडीमेड कपड़ों की मांग बढ़ी है। फुटवियर व्यापारी शहजाद आलम ने बताया कि ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग परिवार के साथ आकर जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे कारोबार में तेजी आई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए हर तरह की वैरायटी उपलब्ध है।

संक्षिप्त समाचार

कार ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, दोनों की जान गई, परिजनों में मच गया कोहराम

शाहबाद में हुए सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ ह ै । शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के बिलारी रोड स्थित राणा शुगर मिल के नजदीक बाइक सवार दंपती लक्ष्मी प्रसाद (44) और पत्नी पुष्पा रानी (45) की अर्टिगा कार से टक्कर हो गई। हादसे में दंपती की मौत हो गई। शवों का पंचनामा भरकर रामपुर भेज दिया है। सूचना के बाद सीएचसी पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। सीएचसी पहुंचे परिजनों के मुताबिक लक्ष्मी प्रसाद मुरादाबाद के आईएफटीएम में अध्यापक थे। परिजनों के मुताबिक दंपती बच्चों समेत पाकबड़ा में रहते थे।पाकबड़ा से दंपती भीतरगांव कुछ समान लेने के लिए आए थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे बाइक सवार दंपती पाकबड़ा जा रहे थे। समान लेकर वापस आने के दौरान उनकी कार से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों के गंभीर चोटें आई। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया। डॉक्टर ने दंपती को देखकर मृत घोषित कर दिया। इस अचानक मौत की सूचना जब भीतरगांव में रह रहे परिवार के बीच पहुंची, तो कोहराम मच गया। उधर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का कारण जानने की कोशिश में लगी हुई है। अचानक मौत से परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

तेज धूप ने बढ़ाई गर्मी, प्याऊ सूखे मिलने से लोग परेशान

मुरादाबाद,। बुधवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। दोपहर में तापमान बढ़ने पर लोग परेशान हुए। गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेय पदार्थों का सहारा लिया। प्रमुख बाजारों में धूप से बचने के लिए युवतियों के साथ-साथ पुरुषों ने भी चश्मा, अंगोछा और दुपट्टा आदि का उपयोग किया। वहीं, कुछ स्थानों पर लगे प्याऊ सूखे मिले, जिससे लोग निराश हुए। राहगीरों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

मण्डलायुक्त का कलेक्ट्रेट पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर कसी नकेल

10 साल की आवास आवंटन रिपोर्ट तलब, शस्त्र लाइसेंस और अभिलेख सुरक्षा पर सख्त दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी ने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने उनका स्वागत किया, वहीं पुलिस कर्मियों ने सलामी देकर सम्मान जताया। मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न महत्वपूर्ण अनुभागों–जिलाधिकारी न्यायालय, नजारत, अभिलेखागार और शस्त्र अनुभाग–का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और कार्यप्रणाली को लेकर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। सबसे अहम बात यह रही कि मण्डलायुक्त ने सरकारी आवास आवंटन को लेकर सख्ती दिखाई। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में आवंटित आवासों, खाली कराए गए मकानों और वर्तमान कब्जे की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों के भुगतान की स्थिति भी जानी गई, जिसमें अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोई भुगतान लंबित नहीं है। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने लाइसेंस नवीनीकरण की नियमित जांच के निर्देश दिए, ताकि अवैध शस्त्र रखने वालों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके। वहीं अभिलेखागार में अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर देते हुए सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डाक व्यवस्था और ई-ऑफिस प्रणाली को और बेहतर बनाने पर भी बल दिया गया। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस मौके पर प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

सनराइज अस्पताल में इलाज के नाम पर मौत का खेल और सिस्टम की खामोशी, तीन दिन से धरने पर पीड़ित परिवार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली का सनराइज अस्पताल कांड अब जनआक्रोश में बदलता जा रहा है। सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में पीड़ित परिवार का अनिश्चितकालीन धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा, लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी ने सवालों को और गहरा कर दिया है।

धरने पर बैठे परिजनों का आरोप है कि 25 सितंबर 2025 को भर्ती कराए गए उर्वेश यादव की 2 अक्टूबर को हुई मौत कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि गलत इलाज से हुई हत्या है। उनका कहना है कि अस्पताल संचालक डॉक्टर रेहान अहमद, जो कि एनेस्थीसिया विशेषज्ञ हैं, उन्होंने लीवर की गंभीर बीमारी का इलाज किया–और यही लापरवाही जानलेवा साबित हुई। मेडिकल बोर्ड की जांच भी इस आरोप को बल देती है, जिसमें डॉक्टर को गलत इलाज का दोषी माना गया है।मामले ने तब और गंभीर मोड़ लिया जब आयुष्मान योजना के तहत बड़े घोटाले का खुलासा हुआ। परिजनों के अनुसार, आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उनसे करीब साढ़े पांच लाख रुपये वसूले गए, जबकि बिल मात्र 2.70 लाख रुपये का दिया गया। मेडिकल जांच में भी 2.70 लाख रुपये की अवैध वसूली की पुष्टि हुई, जिसे बाद में स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर वापस कराया गया–लेकिन शेष रकम का कोई हिसाब नहीं मिला।

धरने के तीसरे दिन परिजनों का गुस्सा साफ झलक रहा है। उनका कहना है कि पुलिस जांच भी निष्पक्ष नहीं हो रही। विवेचक मुनेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए परिवार ने कहा कि वह लगातार समझौते का दबाव बना रहे हैं और आरोपियों से बात करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट आने के बावजूद उचित धाराएं नहीं बढ़ाई जा रही हैं और तीन महीने से मामले को लटकाया जा रहा है।

मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में अस्पताल को आयुष्मान योजना से बाहर करने, ब्लैकलिस्ट करने और अवैध वसूली पर 10 गुना जुर्माना लगाने और अस्पताल को तुरंत बंद करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट जिला अधिकारी को सौंप दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है–यही बात परिजनों के आक्रोश को और भड़का रही है। धरना स्थल पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक डॉक्टर रेहान अहमद और मैनेजर सोहेल खान के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती और अस्पताल को सीज नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सवाल यही है–क्या बरेली में न्याय के लिए अब सड़क पर बैठना ही एकमात्र रास्ता रह गया है, या फिर सिस्टम अब भी जागेगा?

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

आस्था और श्रद्धा के साथ की गई प्रथम मां शैलपुत्री की पूजा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने घरों और मंदिरों में बड़ी ही आस्था और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप, मां शैलपुत्री की पूजा की। पर्वतराज हिमालय की पुत्री माता शैल पुत्री को सफेद फूल, घी और फल अर्पित किए गए। जिससे भक्तों में अपार उत्साह और उमंग देखी गई। यह दिन जीवन में स्थिरता, सकारात्मकता और आत्मविश्वास लाने के लिए समर्पित है। माँ शैलपुत्री के एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में कमल है, जो शक्ति और शांति का संदेश देता है ।

बरेली में अफसरों के दावे हुए धुआं, घरों-दुकानों में धड़ल्ले से बिक रहे गैस सिलिंडर

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। एलपीजी की किल्लत के बीच गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी और ओवररेटिंग धड़ल्ले से जारी है। कई मोहल्लों के घरों और दुकानों से चोरी-छिपे मनमुताबिक कीमत पर सिलिंडर रिफिलिंग का खेल जारी है। इससे जहां प्रशासनिक दावे तार-तार हो रहे हैं, वहीं हादसे की आशंका भी बनी हुई है। एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र की टीम ने विगत दिवस स्टिंग किया तो यह हकीकत बेपर्दा हुई। संकरी गलियों में न तो निगरानी का असर है, न ही कार्रवाई हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में इन दुकानों के शटर बंद रहते हैं। रात में कालाबाजारी की जा रही है। टीम ने सिलिंडर लदे वाहनों का पीछा किया तो इन ठिकानों का पता चला। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी और ओवर रेटिंग पर नियंत्रण के लिए टीमें निगरानी कर रही हैं। किसी घर या दुकान में अगर अवैध रिफिलिंग हो रही है तो जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

टीचर ने छात्रा से की अश्लील हरकतें, वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग, गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र में एक कलयुगी शिक्षक की करतूत ने गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। कक्षा नौ की एक 15 वर्षीय छात्रा को ट्यूशन पढ़ाने के बहाने बुलाकर आरोपी शिक्षक ने न केवल उसके साथ अश्लील हरकतें कीं, बल्कि उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना भी शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी गोपालपुर गांव के निवासी नीलेश गुर्जर से ट्यूशन पढ़ने जाती थी। आरोप है कि 14 मार्च को जब छात्रा ट्यूशन पढ़ने पहुंची, तो नीलेश ने एकांत का फायदा उठाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान आरोपी ने मोबाइल से छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया।

सहमी छात्रा ने ट्यूशन जाना छोड़ा- इस घटना से बुरी तरह सहमी छात्रा ने ट्यूशन जाना बंद कर दिया। छात्रा के न आने पर आरोपी शिक्षक ने उसे वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

डरी-सहमी छात्रा कई दिनों तक खामोश रही, लेकिन जब आरोपी ने हदें पार करते हुए एक बच्चे के हाथ छात्रा के घर अश्लील सामग्री भिजवाई, तो छात्रा फूट-फूटकर रोने लगी। परिजनों के पूछने पर उसने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। पुराना अपराधी है आरोपी शिक्षक- परिजनों ने बताया कि नीलेश गुर्जर का आचरण पहले से ही संदिग्ध रहा है।

वह रामगंगा कटरी क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ाई करता था, जहां उसने कई अन्य छात्राओं के साथ भी छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें की थीं। उस समय छात्राओं की शिकायत पर स्कूल प्रबंधन ने उसे कॉलेज से निष्कासित कर दिया था। स्कूल से निकाले जाने के बाद उसने घर पर ही ट्यूशन पढ़ाना शुरू कर दिया और फिर से मासूम बच्चियों को अपना निशाना बनाने लगा।

ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट : बाकरगंज ईदगाह में तैयारियों का निरीक्षण, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

एसपी सिटी व एडीएम सिटी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। आगामी ईद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में 19 मार्च 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में एसपी सिटी मानुष पारीक एवं एडीएम सिटी सौरभ दुबे द्वारा बाकरगंज ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस बल को निर्देशित करते हुए कहा कि ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी को सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

प्रशासन द्वारा ईदगाह परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नवाबगंज में कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

सरकार के 9 व 11 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में , किसानों को ट्रैक्टर की चाबी व अनुदान राशि की वितरित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । प्रदेश सरकार के 9 वर्ष और केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकासखंड नवाबगंज में कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक डॉ. एमपी आर्य की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

